ऑनलाइन कोर्स और डिस्टेंस पढ़ाई पर रोक

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। विश्वविद्यालय और कॉलेज में अगर अब ऑनलाइन कोर्स और डिस्टेंस पढ़ाई कराई गई तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से संबद्धता पर रोक लगा दी जाएगी। ऐसे में अब स्नातक और स्नात्कोत्तर में योग, टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी मैनेजमेंट प्रोग्राम की ऑफलाइन करानी होगी। इस संबंध में यूजीसी की ओर सभी विवि और कॉलेज को पत्र भेजा गया है।

यूजीसी की ओर से ऑनलाइन कोर्स और डिस्टेंस पढ़ाई पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही यूजीसी ने सभी विवि और कॉलेज को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी डिग्री प्रोग्राम और पाठ्यक्रम समेत माध्यम (रेगुलर, ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड) की जानकारी भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। साथ ही यूजीसी को भी इसकी सूचना भेजनी होगी। अगर कोई विवि या संस्थान नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर जुर्माना लगाने के साथ मान्यता रद्द कर कोर्स पर रोक लगाई जाएगी।

यूजीसी ने विवि-कॉलेज को पत्र भेज ऑनलाइन कोर्स और डिस्टेंस पढ़ाई पर लगाई रोक

“ *विवि से संबद्ध सभी कॉलेज में ऑफलाइन मोड पर ही पढ़ाई हो रही है। यूजीसी की ओर से आया पत्र मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो यूजीसी को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। - **एनके जोशी,** कुलपति, श्रीदेव सुमन विवि*

“ *यूजीसी की ओर से पत्र मिला है। हमारी विवि से संबद्ध सभी कॉलेज में ऑफलाइन मोड पर ही पढ़ाई होती है। इसकी सूचना यूजीसी को जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। - **प्रो. ओमकार सिंह,** कुलपति, यूटीयू*